भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2514
जिसका उत्तर 13.03.2025 को दिया जाना है

ब्लैक स्पॉट के कारण बढ़ती दुर्घटनाएं

2514. एडवोकेट अदूर प्रकाश:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) क्या सरकार को देश भर में राजमार्गों पर दुर्घटनाप्रवण स्थलों, अर्थात् 'ब्लैक स्पॉट' पर वाहन दुर्घटनाओं की बढ़ती घटनाओं की जानकारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने ऐसे 'ब्लैक स्पॉट' को चिह्नित किया है जो दुर्घटना-प्रवण हैं और आवश्यक सुरक्षा उपाय करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) चिह्नित किए गए ऐसे स्थानों की राज्य-वार संख्या कितनी है और अब तक क्या सुधारात्मक उपाय किए गए हैं; और
(घ) केरल राज्य में पहचाने गए 'ब्लैक स्पॉट' का ब्यौरा क्या है और कार्यों की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) से (ग) सरकार ने लगातार तीन कैलेंडर वर्षों में दुर्घटनाओं की संख्या के आधार पर सड़क दुर्घटना स्थलों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हित करने के लिए मानदंड को अंतिम रूप दिया है, जिसमें मृत्यु और गंभीर चोटें शामिल हैं। सभी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों द्वारा उपलब्ध कराए गए सड़क दुर्घटना आंकड़ों के आधार पर, सरकार ने देश में विभिन्न राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) पर 13,795 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया है। **देश में एनएच पर चिन्हित किए गए कुल 13,795 ब्लैक स्पॉट में से 5,036 ब्लैक स्पॉट पर दीर्घकालिक सुधार पूरा हो चुका है।** ब्लैकस्पॉट्स को समय पर ठीक करने के लिए सरकार ने अगस्त, 2019 में दिशा-निर्देश जारी किए हैं और साइट निरीक्षण के आधार पर ब्लैकस्पॉट्स को ठीक करने के लिए तत्काल उपाय करने के संबंध में फील्ड अधिकारियों को अधिकार सौंपे हैं। **राज्यवार विवरण अनुलग्नक में दिए गए हैं।**

(घ) सरकार ने केरल राज्य में 692 ब्लैक स्पॉट को चिन्हित किया है। इसके अलावा, सरकार ने ब्लैक स्पॉट पर तत्काल अल्पकालिक सुधार उपायों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए हैं, जैसे कि **सड़क चिह्नांकन, साइनेज, क्रैश बैरियर, रोड स्टड, डिलिनेटर, मध्य में खुले जगह को बंद करना, यातायात नियंत्रित करने के उपाय आदि। ब्लैक स्पॉट के स्थायी सुधार के लिए सड़क ज्यामितीय सुधार, जंक्शन सुधार, कैरिजवे का चौड़ीकरण, अंडरपास/ओवरपास का निर्माण आदि जैसे दीर्घकालिक उपाय भी किए गए हैं।**

ब्लैक स्पॉट्स का सुधार एक सतत प्रक्रिया है और तत्काल आधार पर अस्थायी उपाय किए जाते हैं। **केरल राज्य में राष्ट्रीय राजमार्गों पर चिन्हित किए गए कुल 692 ब्लैक स्पॉट्स में से 420 ब्लैक स्पॉट्स पर अल्पकालिक सुधार और 66 ब्लैक स्पॉट्स पर दीर्घकालिक सुधार उपाय पूरे कर लिए गए हैं।**

अनुबंध

"ब्लैक स्पॉट के कारण बढ़ती दुर्घटनाएं" के संबंध में **एडवोकेट अदूर प्रकाश** द्वारा पूछे गए दिनांक **13.03.2025** के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. **2514** के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित **अनुबंध।**

राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	**राष्ट्रीय राजमार्गों पर ब्लैक स्पॉट्स की संख्या**	**पूर्ण किए गए अल्पकालिक सुधारों की संख्या**	**पूर्ण किए गए दीर्घकालिक सुधारों की संख्या**
अंडमान	4	2	2
आंध्र प्रदेश	1202	768	338
अरुणाचल प्रदेश	9	9	4
असम	236	236	67
बिहार	355	242	56
चंडीगढ़	7	7	2
छत्तीसगढ	257	257	200
दिल्ली	132	132	129
गोवा	47	40	14
गुजरात (दमन और दीव सहित)	374	363	147
हरियाणा	144	86	44
हिमाचल प्रदेश	226	226	196
जम्मू और कश्मीर	200	140	63
झारखंड	263	255	91
कर्नाटक	1217	1048	515
केरल	692	420	66
मध्य प्रदेश	674	555	220
महाराष्ट्र	642	304	169
मणिपुर	27	14	14
मेघालय	55	36	20
मिजोरम	2	1	1
नागालैंड	40	40	39
ओडिशा	568	560	342
पंजाब	911	911	439
राजस्थान	954	867	238
सिक्किम	19	16	5
तमिलनाडु (पुदुचेरी सहित)	1080	986	359
तेलंगाना	1121	966	288
त्रिपुरा	22	21	11
उत्तर प्रदेश	981	742	349
उत्तराखंड	81	80	65
पश्चिम बंगाल	1253	1108	543

*****